# डेबिट कार्ड के लिए नियम और शर्तें

ये नियम और शर्तें आरबीएल बैंक द्वारा पेश किए गए डेबिट कार्ड किसी खाता धारक और/या खाताधारक द्वारा निर्दिष्ट किसी भी व्यक्ति को जारी करने तथा उसका उपयोग करने और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी होने और समय-समय पर लागू होने वाले नियमों और अधिनियमों पर लागू होते हैं।

ये नियम और शर्तें ("नियम") आरबीएल बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई किसी भी अन्य शर्तों के अतिरिक्त होंगी। शर्तों के सभी अनुलग्नक, शर्तों का अभिन्न हिस्सा होंगे।

## परिभाषाएँ:

इन नियमों और शर्तों में, जब तक कि विषय या उसके संदर्भ में कुछ भी प्रतिकूल न हो, निम्नलिखित शब्दों/अभिव्यक्तियों का अर्थ नीचे बताए गए अनुसार होगा:

"खाता" का अर्थ कार्ड के उपयोग के माध्यम से संचालन के लिए योग्य खाते/खातों के रूप में आरबीएल बैंक द्वारा नामित बचत और/या चालू खाता होगा।

"खाता विवरण" का अर्थ आरबीएल बैंक द्वारा कार्डधारक को समय-समय पर भेजे गए खाते का आवधिक विवरण, जिसमें तिथि के आधार पर किए गए लेन-देन का ब्यौरा और खाते में शेष राशि और आरबीएल बैंक को उपयुक्त लगने वाली अन्य जानकारी शामिल होगी।

"खाता धारक" का अर्थ व्यक्तियों, स्वामित्व, टीएएससी (ट्रस्ट, एसोसिएशन, सोसायटी, क्लब) साझेदारी फर्म, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों, निजी कंपनियों और एलएलपी फर्मों या आरबीएल बैंक में खाताधारक कंपनी होगा। बचत खाते के मामले में, "खाता धारक" का अर्थ बैंक में खाताधारक व्यक्ति से है।

"संबद्ध" का अर्थ और इसमें शामिल है: कोई भी कंपनी जो आरबीएल बैंक की होल्डिंग या सहायक कंपनी हो, या आरबीएल बैंक के नियंत्रण में या उसके सामान्य नियंत्रण में हो, या कोई भी व्यक्ति जिस पर आरबीएल बैंक का 26% से अधिक वोटिंग सिक्योरिटीज़ का प्रत्यक्ष या लाभकारी हित या नियंत्रण हो। इस अनुच्छेद के उद्देश्य के लिए, किसी भी व्यक्ति के संबंध में उपयोग किये जाने वाले व्याकरण संबंधी भिन्नताओं के साथ "नियंत्रण" का अर्थ ऐसे व्यक्ति की प्रबंधन और नीतियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निर्देशित करने की शक्ति है, फिर चाहे वह वोट की सिक्योरिटीज़ के माध्यम से हो, अनुबंध द्वारा हो या अन्यथा किसी भी तरह से हो; और "व्यक्ति" का अर्थ है कोई कंपनी, कॉर्पोरेशन, कोई साझेदारी, ट्रस्ट या कोई अन्य संस्था या संगठन या अन्य निकाय जो भी हो।

"एटीएम" का अर्थ कोई भी स्वचालित टेलर मशीन है, चाहे वह भारत में हो या विदेशों में हो, चाहे आरबीएल बैंक का हो या किसी निर्दिष्ट साझा नेटवर्क की, जिस पर, अन्य बातों के अलावा, कार्डधारक अपने कार्ड का उपयोग आरबीएल बैंक के अपने खाते में जमा किए गए धन का उपयोग करने के लिए कर सकता है।

"कार्ड" का अर्थ भारत में खाताधारक को और/या खाताधारक द्वारा आरबीएल बैंक को निर्दिष्ट किए गए किसी अन्य व्यक्ति को जारी किए गए आरबीएल बैंक डेबिट कार्ड से है।

"कार्डधारक" या "ग्राहक" का अर्थ आरबीएल बैंक का खाताधारक या खाताधारक द्वारा अधिकृत कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसे कार्ड जारी किया गया है और जो कार्ड रखने/उपयोग करने के लिए अधिकृत है।

"घरेलू लेनदेन" कार्डधारक द्वारा भारत में अपने घरेलू वैध डेबिट कार्ड पर किए गए लेनदेन को संदर्भित करता है।

"डु नॉट कॉल" आपको प्रचार कॉल/एसएमएस प्राप्त करने या न करने के बारे में विकल्प देता है।

"अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन" कार्डधारक द्वारा भारत, नेपाल और भूटान के बाहर अपने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैध डेबिट कार्ड पर किए गए लेनदेन को संदर्भित करता है।

"इंटरनेट वेबसाइट" का अर्थ उन व्यापारिक प्रतिष्ठानों की वेबसाइटों से हैं जो कहीं भी स्थित हों, जो कार्डधारक द्वारा इन वेबसाइटों के माध्यम से या फिर खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं के भुगतान के लिए कार्ड स्वीकार करते हैं और इसमें कार्ड स्वीकार करनेवाले के रूप में विज्ञापित किए गए हो ऐसे स्टोर, दुकानों, रेस्तरां, होटल, उपयोगिता कंपनियों, रेलवे और एयरलाइन संगठनों की वेबसाइटें शामिल होंगी।

"व्यापारी प्रतिष्ठान" का अर्थ कहीं पर भी स्थित ऐसे भौतिक और/या आभासी प्रतिष्ठान है, जो कार्ड (वीज़ा/मास्टरकार्ड/रूपे या ऐसे किसी कार्ड नेटवर्क द्वारा जारी) का स्वीकार करते हैं और इसमें अन्य के साथ-साथ, स्टोर, दुकानें, रेस्तरां, होटल और एयरलाइंस कैश एडवांस पॉइंट्स जिसमें एटीएम और मेल ऑर्डर विज्ञापनदाताओं (चाहे खुदरा विक्रेता, वितरक या निर्माता) भी शामिल होंगे।

"व्यापारी" का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से होगा जो किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान का मालिक हो या उसका प्रबंधन या संचालन करता हो।

"वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी)" वर्णों का स्वचालित रूप से जनरेट होने वाली संख्यात्मक या अल्फ़ान्यूमेरिक स्ट्रिंग है जिसका उपयोग उपयोगकर्ता एक बार या एक सत्र के लिए कर सकते हैं।

"पिन" का अर्थ आरबीएल बैंक द्वारा कार्डधारक को आवंटित या कार्ड के संबंध में कार्डधारक द्वारा चुनी गई गोपनीय व्यक्तिगत पहचान संख्या (पर्सनल आइडेंटिफिकेशन नंबर) से होगा।

"पीओएस टर्मिनल" का अर्थ भारत में या विदेशों में मौजूद व्यापारिक प्रतिष्ठान पर बिक्री के बिंदु (पीओएस) इलेक्ट्रॉनिक टर्मिनलों से होगा, जो कार्ड लेनदेन को संसाधित करने में सक्षम हो और जहाँ अन्य चीजों के अलावा कार्डधारक खरीदारी करने हेतु अपने कार्ड का उपयोग कार्ड से जुड़े हुए खाते के पैसे का उपयोग करने के लिए कर सकता है।

"प्राथमिक खाता" का अर्थ ऐसे प्राथमिक खाते से होगा जो कार्ड से जुड़ा हो।

"आरबीएल बैंक" या "बैंक" का अर्थ आरबीएल बैंक लिमिटेड होगा, जो भारतीय कंपनी अधिनियम, 1913 के तहत निगमित कंपनी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय शाहपुरी, कोल्हापुर - 416001 में है और इसका कॉर्पोरेट कार्यालय वन इंडियाबुल्स सेंटर, टॉवर 2, 6वीं मंजिल, 841 सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013 में है। साथ ही, इसका एक कार्यालय 9वीं मंजिल, टेक्नीप्लेक्स- I, वीर सावरकर फ्लाईओवर के पास, गोरेगांव (पश्चिम), मुंबई -400062 में है और यह बैंक इसकी शाखाओं (जिसकी अभिव्यक्ति में, जब तक कि यह विषय या उसके संदर्भ के प्रतिकूल न हो, इसमें इसके उत्तराधिकारी, प्रतिनिधि और असाइनी, कार्ड के प्रोपराइटर/ओनर शामिल होने चाहिए) के माध्यम से संचालन करता है।

"आरबीएल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र" आरबीएल बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली आरबीएल बैंक-फोन बैंकिंग सेवा को संदर्भित करता है, जो सभी कार्डधारकों के लिए उपलब्ध होगी। आरबीएल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का लाभ उठाने वाले सभी कार्डधारक इस संबंध में आरबीएल बैंक द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों से बंधे होंगे। कॉल सेंटर पर 1800 123 8040 पर संपर्क किया जा सकता है।

"आरबीएल बैंक की वेबसाइट" का अर्थ आरबीएल बैंक की वेबसाइट www.rblbank.com होगा।

"साझा नेटवर्क" का अर्थ रुपे/वीज़ा/मास्टरकार्ड या कोई अन्य नेटवर्क होगा जो कार्ड का स्वीकार करता हो।

'टैरिफ अनुलग्नक' का अर्थ कार्ड पर दी जाने वाली सेवाओं के लिए लागू शुल्कों का विवरण देने वाला अनुबंध है। ये शुल्क आरबीएल बैंक के विवेकाधिकार पर परिवर्तन के अधीन हैं। आमतौर पर शुल्कों में ऐसा कोई भी परिवर्तन कार्डधारक को 1 महीने की पूर्व सूचना देकर केवल संभावित प्रभाव से किया जा सकता है।

"लेन-देन" का अर्थ कार्डधारक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कार्ड का उपयोग करके आरबीएल बैंक को लेनदेन (व्यवहार) को अमल में लाने के लिए दी गई कोई भी सूचना होगी।

"गैर आरबीएल बैंक एटीएम लेनदेन": कार्डधारक/ग्राहक द्वारा गैर आरबीएल बैंक एटीएम में किया गया कोई भी लेनदेन।

"टोकन" का अर्थ एक सरोगेट नंबर है जिसे कार्ड में मैप किया गया है। भुगतान करने के लिए वैकल्पिक प्रपत्र कारक को सक्षम करने के लिए टोकन का उपयोग किया जाता है।

"टोकन सेवा" का अर्थ है साझा नेटवर्क (रूपे/वीज़ा/मास्टरकार्ड) द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाएं जो भुगतान खाता क्रेडेंशियल्स के टोकनाइज़ेशन को सक्षम करने, टोकनाइज़्ड भुगतान खाता क्रेडेंशियल्स का उपयोग भुगतान करने के लिए करने, और टोकन जीवन-चक्र प्रबंधन के लिए प्रदान की जाती हैं। नेटवर्क (RuPay/VISA/MasterCard) द्वारा ऐसी सेवाएं प्रदान की जाती है और इसे समय-समय पर अपडेट किया जाता है।

## व्याख्याएं:

a) एकवचन के सभी संदर्भों में बहुवचन और बहुवचन के सभी संदर्भों में एकवचन शामिल है और शब्द "शामिल है" को "बिना सीमा के" के रूप में माना जाना चाहिए।
b) कोई भी लिंग बताने वाले शब्दो में अन्य लिंग शामिल है।
c) किसी भी क़ानून, अध्यादेश या अन्य कानून के संदर्भ में कुछ समय के लिए लागू होने वाले सभी नियम और अन्य उपकरण और सभी समेकन, संशोधन, पुन: अधिनियमन या प्रतिस्थापन शामिल हैं।
d) सभी शीर्षक, बोल्ड टाइपिंग और इटैलिक (यदि कोई हो) केवल संदर्भ की सुविधा के लिए डाले गए हैं और सीमा को परिभाषित नहीं करते हैं या शर्तों के अर्थ या व्याख्या को प्रभावित नहीं करते हैं।
e) वीज़ा/मास्टर कार्ड/रूपे/एनपीसीआई विनियमों का संदर्भ उसके नेटवर्क के सभी सदस्य बैंकों को वीज़ा/मास्टर कार्ड/रूपे द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से संबंधित है।
f) सामान्य खंड अधिनियम में निर्धारित व्याख्या के नियम, जब तक कि यह विषय या संदर्भ के प्रतिकूल न हो, शर्तों पर लागू होंगे, जैसे कि यहां शामिल की गई हैं।

## शर्तों की प्रयोज्यता:

## शर्तें:

ये नियम और शर्तें कार्डधारक और आरबीएल बैंक के बीच अनुबंध का निर्माण करती हैं। यह माना जाएगा कि कार्डधारक ने कार्ड आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करके, रिकॉर्ड में दिए गए उनके पते पर कार्ड भेजे जाने के 10 दिन बीत जाने के बाद कार्ड प्राप्ति को लिखित रूप में स्वीकार करके, या कार्ड के पीछे हस्ताक्षर करके, या कार्ड से लेनदेन करके या कार्ड के पीओएस सक्रियण का अनुरोध करके या एटीएम के माध्यम से सक्रियण का अनुरोध करके इन नियमों और शर्तों को बिना-शर्त सहमति दी है और स्वीकार किया है। ये नियम और शर्तें कार्डधारक के खाते से संबंधित नियमों और शर्तों के अतिरिक्त होंगी और उनके अल्पीकरण में नहीं होंगी। किसी भी सेवा/सुविधाओं/प्रस्तावों का लाभ उठाने वाले कार्डधारक ऐसी सेवाओं/सुविधाओं/प्रस्तावों के लिए समय-समय पर आरबीएल बैंक द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों से बंधे रहेंगे। यदि ग्राहक, ग्राहक की मृत्यु होने पर /दिवालियापन होने पर / शोध-अक्षमता होने पर/ ग्राहक के खिलाफ दाखिल की गई अन्य समान कार्यवाही के चलते बैंक के साथ किए गए किसी अन्य समझौते या प्रतिबद्धता के तहत स्वीकार किए गए नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहता है/चूक करता है, तो बैंक कार्ड को रद्द कर देगा। कार्ड जारी करना:
खाताधारक से अनुरोध प्राप्त होने के आधार पर आरबीएल बैंक खाताधारक को कार्ड जारी करेगा। इस प्रकार प्राप्त यह अनुरोध खाता खोलने के समय (खाता खोलने के फॉर्म के माध्यम से), खाता खोलने के बाद के चरण में शाखा को दिए गए पत्र के माध्यम से हो सकता है। ग्राहक अतिरिक्त रूप से एसएमएस/ईमेल/इंटरनेट/मोबाइल बैंकिंग और संपर्क केंद्र या ऐसे किसी भी चैनल, जहां बैंक ग्राहकों के अनुरोध स्वीकार करने का एक विश्वसनीय जरिये की सूचना दे सकते है, के माध्यम से कार्ड के लिए अनुरोध कर सकता है। ग्राहक को कार्ड का वह प्रकार चुनना होगा जिसे वह अपने खाते के लिए रखना चाहता है और कार्ड से संबंधित शुल्क का भुगतान करना होगा। व्यक्तिगत और गैर-व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए कार्ड तभी जारी किया जाएगा जब संचालन का तरीका संयुक्त रूप से नहीं रखा जाएगा। बैंक किसी एनआरआई खाते के लिए अधिकार पत्रधारक के अनुरोध पर अपने विवेक से उसे डेबिट कार्ड जारी कर सकता है। यह कार्ड घरेलू उपयोग के लिए होगा और बैंक के शुल्क शेड्यूल के आधार पर शुल्क लिया जाएगा। आवश्यक प्रपत्रों के साथ अपेक्षित दस्तावेज समय-समय पर बदल सकते हैं। इसे आरबीएल बैंक की शाखाओं से लेने/समझाए जाने चाहिए।

आरबीएल बैंक ग्राहकों को अपने डेबिट कार्ड को किसी अलग संस्करण में अपग्रेड करने का विकल्प भी दे सकता है। ऐसे मामले में, ग्राहक के मौजूदा डेबिट कार्ड को ग्राहक द्वारा नए कार्ड के उपयोग के बाद या नया कार्ड जारी होने के 60 दिनों के भीतर ब्लॉक कर दिया जाएगा। इस अपग्रेड के शुल्क समय-समय पर और अलग-अलग मामले में भिन्न हो सकते हैं। ग्राहक द्वारा ऐसा अनुरोध किए जाने से पहले उसे संबंधित मूल्य निर्धारण के बारे में पूर्व-सूचित किया जाएगा।

## कार्ड की सक्रियता:

ग्राहक को डेबिट कार्ड निष्क्रिय अवस्था में भेजा जाता है। अपने डेबिट कार्ड को सक्रिय करने के लिए ग्राहक को किसी भी उपलब्ध चैनल अर्थात मोबैंक, इंटरनेट बैंकिंग, एसएमएस आदि के माध्यम से पिन जनरेट करना होगा।

कार्ड जारी करने/पुनः जारी करने के समय पर, कार्ड केवल घरेलू एटीएम और पीओएस के लिए इस्तेमाल हो सकता है। लेन-देन के अन्य सभी तरीके, जैसे कि अंतरराष्ट्रीय, ऑनलाइन और संपर्क रहित, के लिए ग्राहक बैंक द्वारा दी गई अनुमति के अनुसार मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, शाखा, आईवीआर आदि जैसे चैनलों का उपयोग करने में सक्षम हो सकते हैं। ग्राहक किसी भी समय लेन-देन के इन तरीकों को चालू/बंद कर सकता है या इनमें से प्रत्येक लेनदेन के लिए लेनदेन की सीमा निर्धारित कर सकता है।

## कार्ड के लाभ:

कार्डधारक किसी भी एटीएम/आरबीएल बैंक शाखा से नकद निकाल सकता है/उस तक पहुँच सकता है, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भुगतान कर सकता है (ऑनलाइन या ऑफलाइन), एटीएम पर/आरबीएल बैंक कस्टमर केयर या आरबीएल बैंक द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट ऐसी किसी भी सेवा में कार्ड के उपयोग के माध्यम से अपने खाते की शेष राशि के बारे में जानकारी का पता लगा सकता है, सीमित संख्या में लेनदेन वाला मिनी स्टेटमेंट पा सकता है। कार्ड के उपयोग से ऐसी किसी भी सेवा का लाभ उठाने वाले कार्डधारक आरबीएल बैंक द्वारा निर्धारित और ऐसी सेवाओं के संबंध में समय-समय पर संशोधित किए गए नियमों और शर्तों से बाध्य होंगे। यह कार्ड घरेलू लेनदेन और अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के लिए एटीएम और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में उपयोग के लिए मान्य है। हालांकि, यह कार्ड भारत, नेपाल और भूटान में व्यापारिक प्रतिष्ठानों में किसी भी घरेलू लेनदेन के लिए विदेशी मुद्रा में भुगतान के लिए मान्य नहीं है। यह कार्ड, कार्ड पर दर्शाए गए महीने के अंतिम दिन तक वैध है। लेन-देन किए जाने पर, कार्ड से जुड़े प्राथमिक खाते को आरबीएल बैंक द्वारा तुरंत डेबिट कर दिया जाएगा।

## व्यक्तिगत पहचान संख्या (पर्सनल आइडेंटिफिकेशन नंबर):

कार्डधारक को कार्ड का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए, ग्राहक किसी भी उपलब्ध चैनल के माध्यम से डेबिट कार्ड पिन स्वयं जनरेट कर सकता है। आरबीएल बैंक पिन जारी करते समय अधिकतम संभव सीमा तक अत्यधिक एहतियात और सावधानी बरतता है, ताकि कार्डधारक के अलावा किसी और व्यक्ति को इसका पता न लगे। वर्तमान में पिन सेटिंग मैकेनिज्म ग्राहक के मोबाइल से मोबैंक, नेट बैंकिंग, आईवीआर और एसएमएस के माध्यम से प्रारम्भ करके किया जाता

है। इस पिन को बाद में, कार्डधारक द्वारा, अपने जोखिम पर, किसी भी आरबीएल बैंक के एटीएम, मोबैंक, इंटरनेट बैंकिंग, आईवीआर पर या अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से REPIN संदेश भेजकर बदला जा सकता है। कार्डधारक यह स्वीकार करता है, प्रस्तुत करता है और गारंटी देता है कि पिन के उपयोग के साथ कार्ड काम करता है और यह खाते का एक्सेस प्रदान करता है। कार्डधारक पिन के उपयोग, गोपनीयता और सुरक्षा के साथ-साथ ऐसे पिन का उपयोग करके खाते में दर्ज किए गए सभी आदेशों और सूचना परिवर्तनों के लिए अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करता है। कार्डधारक पिन को किसी भी रूप में रिकॉर्ड नहीं करेगा ताकि वह पिन किसी तृतीय पक्ष की जानकारी में न आए। कार्डधारक आरबीएल बैंक को पिन द्वारा प्रमाणित लेनदेन और निर्देशों को पूरा करने के लिए स्पष्ट अधिकार प्रदान करता है और उसे रद्द नहीं करेगा। कार्डधारक के पिन के सत्यापन के माध्यम के अलावा कार्डधारक के द्वारा भेजे गए या कथित रूप से भेजे गए लेनदेन निर्देश की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए आरबीएल बैंक का कोई दायित्व नहीं है। पिन की सुरक्षा बनाए रखने के लिए कार्डधारक हर समय सभी उचित कदम उठाएगा। यहां बताए गए प्रावधानों के अधीन और जैसा कि समय-समय पर आरबीएल बैंक द्वारा निर्दिष्ट किया गया है, कार्ड और/या पिन के किसी भअनुचित/धोखाधड़ी/अनधिकृत/डुप्लिकेट/गलत उपयोग के मामले में कार्डधारक आरबीएल बैंक को उत्तरदायी नहीं ठहराएगा। आरबीएल बैंक किसी तृतीय पक्ष के पास कार्ड आने पर या किसी तृतीय पक्ष को पिन की जानकारी लगने के कारण किसी तृतीय पक्ष द्वारा कार्ड के उपयोग/दुरुपयोग से जुड़े किसी भी परिणाम के लिए भी उत्तरदायी नहीं होगा। यदि कोई तृतीय पक्ष खाते सहित की सेवाओं तक अपनी पहुंच प्राप्त करता है, तो उसके लिए कार्डधारक जिम्मेदार होगा और इस तरह के ऐक्सेस और उपयोग या अन्यथा के संबंध में या उसके आधार पर संबंधित तृतीय पक्ष के द्वारा इस तरह के दुरुपयोग / उपयोग से उत्पन्न होने वाली किसी भी देयता, लागत या क्षति के लिए आरबीएल बैंक को क्षतिपूर्ति देगा।

## कार्ड की वैधता::

कार्ड पर अंकित माह/वर्ष की अंतिम तिथि तक कार्ड वैध है। कार्डधारक कार्ड की समय-सीमा समाप्त होने पर उसे कई टुकड़ों में काटकर नष्ट करने का वचन देता है। आरबीएल बैंक कार्ड की वैधता समाप्ति पर कार्ड को नवीनीकृत करने का एकमात्र अधिकार सुरक्षित रखता है।

## खोए या चोरी हुए कार्ड:

यदि कोई कार्ड खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो कार्डधारक को स्थानीय पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवानी पड़ेगी और उसकी एक प्रति आरबीएल बैंक को भेजनी होगी। कार्डधारक आरबीएल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्रों को टेलीफोन पर या आरबीएल बैंक की अपनी शाखा को लिखित संचार के माध्यम से या आरबीएल बैंक को स्वीकार्य किसी अन्य तरीके से कार्ड खो जाने की रिपोर्ट कर सकता है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस URL पर क्लिक करें: http://bitly.ws/suwH ग्राहक सेवा का संपर्क विवरण आरबीएल बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। आरबीएल बैंक पर्याप्त सत्यापन के बाद आरबीएल बैंक के कार्य दिवस पर कामकाज के घंटों के दौरान कार्ड को हॉटलिस्ट/ब्लॉक कर देगा। यदि कार्डधारक विदेश में अपना कार्ड खो देता है, तो वह या तो उपरोक्त प्रक्रिया का पालन कर सकता है या वीज़ा/मास्टरकार्ड वैश्विक आपातकालीन सहायता हेल्प लाइन के माध्यम से कार्ड गुम होने की रिपोर्ट कर सकता है; ऐसी सेवाओं के उपयोग का शुल्क कार्डधारक द्वारा वहन किया जाएगा। कार्डधारक कार्ड की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है और इसे सुरक्षित रखने के लिए सभी कदम उठाएगा। जब तक कार्ड को हॉट लिस्टेड/रद्द नहीं किया जाता है, तब तक कार्ड पर लगने वाले सभी शुल्कों के लिए कार्डधारक उत्तरदायी होगा। इसके अलावा, यदि आरबीएल बैंक यह निर्धारित करता है कि उपरोक्त चरणों का पालन नहीं किया गया है, तो खोए या चोरी हुए कार्ड का वित्तीय दायित्व कार्डधारक का रहेगा। कार्डधारक इस तथ्य का संज्ञान लेगा कि कार्ड खो जाने, चोरी हो जाने या क्षतिग्रस्त होने की सूचना कर देने पर और बाद में उसके मिल जाने पर, उसे तुरंत आधा काटकर आरबीएल बैंक को वापस कर दिया जाना चाहिए और इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।

## कार्ड सरेंडर/रिप्लेसमेंट करना:

कार्डधारक को जारी किया गया कार्ड आरबीएल बैंक की संपत्ति रहेगा और अनुरोध पर आरबीएल बैंक को सरेंडर किया जा सकता है। यदि कार्डधारक को अब सेवाओं की आवश्यकता नहीं है या किसी भी कारण से आरबीएल बैंक द्वारा सेवाओं को वापस ले लिया गया है, तो कार्डधारक कार्ड को रद्द करने के लिए आरबीएल बैंक को वापस कर देगा। आरबीएल बैंक, अपने पूर्ण विवेकाधिकार में, कार्डधारकों को गुम/चोरी हुए कार्ड के लिए नए पिन के साथ रिप्लेसमेंट कार्ड जारी कर सकता है।

## समाप्ति (टर्मिनेशन):

कार्डधारक किसी भी समय आरबीएल बैंक को लिखित नोटिस देकर साथ ही कार्ड को तिरछे दो टुकड़ों में काटकर वापस कर कार्ड को  बंद/समाप्त कर सकता है। आरबीएल बैंक द्वारा विधिवत रूप से स्वीकार किए गए लिखित नोटिस की प्राप्ति तक, लगायें गए सभी शुल्कों के लिए कार्डधारक उत्तरदायी होगा। आरबीएल बैंक किसी भी समय, नोटिस के साथ या बिना सूचना के, आरबीएल बैंक के पूर्ण विवेक की आवश्यकता के अनुसार कार्ड को समाप्त कर सकता है।

## उपयोग के लिए दिशानिर्देश:

1. कार्डधारक हर समय यह सुनिश्चित करेगा कि कार्ड सुरक्षित स्थान पर रखा गया है और किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कार्ड का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कार्डधारक कार्ड प्राप्त होने पर तुरंत उस पर हस्ताक्षर करेगा। कार्डधारक को पहले उपयोग के बाद पिन (यदि आरबीएल बैंक द्वारा दिया गया हो) बदलना होगा और कार्ड के सुरक्षित उपयोग के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में दूसरा पिन चुनना होगा। कार्डधारक आरबीएल बैंक द्वारा दी गई सभी सुविधाओं और सभी संबंधित शुल्कों के लिए जिम्मेदार होगा और कार्ड और आरबीएल बैंक के साथ सभी व्यवहार के संबंध में सद्भावपूर्वक कार्य करेगा। आरबीएल बैंक कार्डधारक को नोटिस दिए जाने के अधीन कार्ड द्वारा समर्थित लेनदेन के प्रकारों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। कार्डधारक आरबीएल बैंक के द्वारा खाता/कार्ड मेंटेन करने में किसी भी त्रुटि या अनियमितता के बारे में तुरंत आरबीएल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से आरबीएल बैंक को सूचित करेगा।

2. कार्डधारक 'डु नॉट कॉल' सेवा को सक्रिय करके प्रचार ऑफ़र संदेशों को साझा न करने का विकल्प चुन सकता है।

3. डेबिट कार्ड का उपयोग संबंधित नियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित और समय-समय पर अपडेट किए गए किसी भी तरह के या तमाम प्रतिबंधित लेनदेन जिसमें अंतर्देशीय ऑनलाइन फॉरेक्स ट्रेडिंग भी शामिल है, के लिए नहीं किया जाएगा। इस आशय के मौजूदा दिशानिर्देशों का पालन करने की जिम्मेदारी डेबिट कार्ड धारक की है।

## अनधिकृत लेनदेन की स्थिति में दायित्व

यदि कार्ड खो जाता है या चोरी हो जाता है या कार्ड से किसी भी तरह की अनधिकृत लेनदेन होती है, तो उस स्थिति में कार्ड धारक को तुरंत आरबीएल बैंक को खो जाने/चोरी होने की सूचना देनी चाहिए। कार्डधारक को तुरंत आरबीएल बैंक के 24 घंटे ग्राहक सेवा केंद्र पर कॉल करके या आरबीएल बैंक की अपनी शाखा को लिखित संचार के माध्यम से या आरबीएल बैंक को स्वीकार्य अन्य तरीके से कार्ड के खो जाने/चोरी होने की सूचना तुरंत देनी चाहिए। कार्डधारक किसी भी अनधिकृत लेनदेन (एटीएम नकद निकासी और ऑनलाइन डेबिट कार्ड के उपयोग को छोड़कर) के लिए, इस सेक्शन के प्रावधानों की सीमा तक और उसके अनुसार किसी भी वित्तीय दायित्व को वहन नहीं करेगा, बशर्ते कि वह आरबीएल बैंक को तुरंत ऐसे अनधिकृत लेनदेन के बारे में लिखित रूप में सूचित करे और कार्डधारक, आरबीएल बैंक की राय में, लापरवाही, धोखाधड़ी या मिलीभगत का दोषी नहीं है। उक्त लाभ कार्डधारक को यहां निहित शर्तों के अधीन उपलब्ध होगा और केवल उस स्थिति में जब निम्नलिखित शर्तें पूरी होती हैं:

1. यदि कार्डधारक द्वारा आरबीएल बैंक की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्ड के खो जाने/चोरी होने की विधिवत सूचना दी गई हो और कार्डधारक द्वारा आरबीएल बैंक को कार्ड के खो जाने/चोरी होने की ऐसी रिपोर्ट की एफआईआर की प्रति प्रस्तुत करने समय; यदि उक्त अनधिकृत लेनदेन आरबीएल बैंक को कार्ड के गुम होने/चोरी होने की रिपोर्ट करने की तारीख से 15 दिनों की अवधि के भीतर किए गए हो;
2. यदि कार्डधारक ने कार्ड के खो जाने/चोरी होने की ऐसी रिपोर्टिंग की तारीख से पूर्व 3 महीने में कार्ड का उपयोग करते हुए कम से कम एक खरीद लेनदेन किया हो; और
3. यदि कार्डधारक ने मोबाइल बैंकिंग और ट्रांजेक्शन एसएमएस सुविधा के लिए आरबीएल बैंक के साथ अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत किया हो।

हालांकि, आरबीएल बैंक, अपने विवेकाधिकार पर, कार्डधारक को बीमा कवर के उक्त लाभ से पूरी तरह से मना कर सकता है, या ऐसी पूछताछ/जांच पर होने वाले अतिरिक्त खर्च वसूल सकता है:

1. यदि आरबीएल बैंक, अपनी राय में, उपलब्ध साक्ष्य (कार्डधारक द्वारा प्रदान किए गए और/या किसी और तरह से प्राप्त) के आधार पर यह निर्धारित करता है कि कार्डधारक खाते या कार्ड को संभालने में घोर लापरवाही या धोखाधड़ी कर रहा था (कार्ड या खाता या पिन की सुरक्षा सहित गुम होने या अनधिकृत लेनदेन की रिपोर्ट करना) और/या
2. यदि आरबीएल बैंक, अपनी एकमात्र राय में, यह निर्धारित करता है कि आगे की जांच की आवश्यकता है, जिसमें अनधिकृत लेनदेन और/या व्यापारी प्रकार शामिल हो; और/या
3. यदि कार्डधारक का पूर्व खाता इतिहास असंतोषजनक हो।

कार्ड का बीमा कवर केवल किसी भी दुरुपयोग/अनधिकृत लेनदेन के लिए कवर करता है। कपटपूर्ण लेनदेन साबित होने की स्थिति में कवर की मर्यादा कार्ड के प्रकार पर दी गई बीमा मर्यादा जितनी होगी और उक्त तृतीय पक्ष बीमाकर्ता द्वारा भुगतान किया जाएगा।

## ग्राहक की सीमित देयता:

(a) ग्राहक की शून्य देयता

1. शून्य दायित्व के लिए ग्राहक की पात्रता तब होगी जब निम्नलिखित घटनाओं में अनधिकृत लेनदेन होता है:

    i. बैंक की ओर से अंशदायी धोखाधड़ी/लापरवाही/कमी (चाहे ग्राहक द्वारा लेनदेन की सूचना दी गई हो या नहीं)।

ii. तृतीय पक्ष द्वारा उल्लंघन जिसमें गलती न तो बैंक की हो और न ही ग्राहक की हो, बल्कि सिस्टम में कोई कमी रही गई हो और ग्राहक अनधिकृत लेनदेन के विषय में बैंक से संचार प्राप्त करने के तीन कार्य दिवसों के भीतर बैंक को सूचित करता है।

(b) ग्राहक की सीमित देयता

2. ग्राहक निम्नलिखित मामलों में अनधिकृत लेनदेन के कारण होने वाली हानि के लिए उत्तरदायी होगा:

i. ऐसे मामलों में जहां नुकसान किसी ग्राहक द्वारा लापरवाही के कारण होता है, जैसे कि उसने किसी के साथ भुगतान क्रेडेंशियल साझा किए हैं, जब तक ग्राहक बैंक को अनधिकृत लेनदेन की रिपोर्ट नहीं करता है, तब तक का पूरा नुकसान उसे उठाना होगा। अनधिकृत लेनदेन की सूचना देने के बाद होने वाले किसी भी नुकसान का वहन बैंक द्वारा किया जाएगा।

ii. ऐसे मामलों में जिसमें अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन की जिम्मेदारी न तो बैंक की होती है और न ही ग्राहक की, बल्कि सिस्टम में गड़बड़ी की वजह से होती है और ग्राहक की ओर से इस तरह के लेन-देन के बारे में बैंक को सूचित करने में देरी हो जाती है (बैंक से संचार प्राप्त करने के बाद चार से सात कार्य दिवसों तक), ग्राहक की प्रति लेनदेन देयता लेनदेन की वैल्यू या तालिका 1 में उल्लिखित राशि तक सीमित होगी, दोनों में से जो भी कम हो।

| तालिका 1 | |
|---|---|
| पैराग्राफ 7 (ii) के तहत ग्राहक की अधिकतम देयता | |
| खाते का प्रकार | अधिकतम देयता (₹) |
| • बीएसबीडी खाते | 5,000 |
| • अन्य सभी एसबी खाते<br>• प्रीपेड भुगतान साधन और गिफ्ट कार्ड<br>• एमएसएमई के चालू/कैश क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट खाते<br>• व्यक्तियों के वार्षिक औसत शेष राशि वाले चालू खाते/नकद क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट खाते (धोखाधड़ी की घटना से पहले के 365 दिनों के दौरान)/25 लाख रुपये तक की सीमा<br>• 5 लाख रुपये तक की सीमा वाले क्रेडिट कार्ड | 10,000 |
| • अन्य सभी चालू/नकद क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट खाते<br>• 5 लाख रुपये से अधिक की सीमा वाले क्रेडिट कार्ड | 25,000 |

इसके अलावा, यदि रिपोर्टिंग में विलंब सात कार्य दिवसों से अधिक का है, तो ग्राहक की देयता बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

8. ऊपर दिए गए पैराग्राफ 6 (ii) और पैराग्राफ 7 (ii) में मौजूद विवरण के अनुसार, तृतीय पक्ष के उल्लंघन जिसमें गलती न तो बैंक की है और न ही ग्राहक की, बल्कि सिस्टम में कोई गड़बड़ी की वजह से है, ग्राहक की कुल देयता को तालिका 2 में सारांशित किया गया है:

| तालिका 2 | |
|---|---|
| **ग्राहक की देयता का सारांश** | |
| संचार प्राप्त करने की तिथि से कपटपूर्ण लेनदेन की रिपोर्ट करने में लगने वाला समय | ग्राहक का दायित्व (₹) |
| 3 कार्य दिवसों के भीतर | शून्य देयता |
| 4 से 7 कार्य दिवसों के भीतर | तालिका 1 में उल्लिखित लेन-देन मूल्य या राशि, दोनों में से जो भी कम हो |
| 7 कार्य दिवसों के बाद | बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार |

तालिका 2 में उल्लिखित कार्य दिवसों की संख्या को संचार प्राप्त करने की तारीख को छोड़कर ग्राहक की होम ब्रांच के कार्यसूची के अनुसार गिना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस URL पर क्लिक करें: http://bitly.ws/svVU

## प्रोमोशनल ऑफ़र:

आरबीएल बैंक अपनी वेबसाइट पर तृतीय पक्ष द्वारा आरबीएल बैंक के ग्राहकों को दिए जाने वाले ऑफ़र/उत्पाद/सेवाएं प्रदर्शित करता है और आरबीएल बैंक इनमें से कोई भी ऑफ़र/उत्पाद/सेवाएं खुद प्रदान नहीं करता है। आरबीएल बैंक ग्राहकों के सामने उक्त तृतीय पक्षों के व्यक्त या निहित एजेंट के रूप में कार्य नहीं करता है। आरबीएल बैंक तृतीय पक्ष द्वारा प्रदान किए गए ऑफ़र/उत्पादों/सेवाओं के संबंध में न तो गारंटी देता है और न ही कोई प्रतिनिधित्व करता है। आरबीएल बैंक किसी भी कंपनी / तृतीय पक्ष, उसके एजेंटों या प्रतिनिधियों द्वारा उक्त ऑफ़र / उत्पादों / सेवाओं के लिए प्रदान की जाने वाली सेवाओं / बिक्री / गुणवत्ता / सुविधाओं में किसी भी कमी या अपर्याप्तता के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा। ग्राहक एतद्द्वारा इस बात से सहमत है कि वह ऐसी किसी भी कार्रवाई, दावों, मांगों, हानियों, क्षतियों, लागतों, शुल्कों और खर्चों के लिए आरबीएल बैंक को जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं ठहराएगा, जो उसे ऑफ़र के

कारण भुगतना पड़ सकता है। आरबीएल बैंक ऐसे किसी भी नुकसान, क्षति, लागत आदि के लिए जिम्मेदार नहीं है जो आपको तृतीय पक्ष की वेबसाइट के विफल होने या बाधित होने की स्थिति में, या आपके एक्सेस से संबंधित किसी अन्य कारण से, एक्सेस करने में असमर्थता, या तृतीय पक्ष की वेबसाइट के उपयोग से हो सकता है। किसी भी प्रश्न, शिकायत, समस्या और/या प्रतिक्रिया के लिए सीधे तृतीय पक्ष के साथ ही निपटना होगा। ऑफ़र/उत्पाद/सेवाएं अन्य प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध हो सकती हैं। ऐसे ऑफ़र/उत्पादों/सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ग्राहक की भागीदारी पूरी तरह से स्वैच्छिक है।

## एक से अधिक खाते:

कार्डधारक इस बात से सहमत है कि यदि उसके आरबीएल बैंक में कई खाते हैं, तो आरबीएल बैंक उन खातों की संख्या तय करेगा, जिन पर कार्ड की सुविधा होगी। कई खातों से जुड़े कार्ड के मामले में, कार्ड से साझा नेटवर्क एटीएम पर किए गए सभी लेनदेन और पीओएस टर्मिनल पर किए गए लेनदेन केवल प्राथमिक खाते पर ही प्रभावित होंगे। आरबीएल बैंक के एटीएम के मामले में, ग्राहक के पास उस खाते को चुनने का विकल्प रहेगा जिससे पैसा डेबिट किया जाना है। आरबीएल बैंक कार्ड के उपयोग से खरीदी गई वस्तुओं या सेवाओं, नकद, फीस, चार्जिस और देय भुगतान के सभी मूल्य के लिए कार्ड से जुड़े खातों से डेबिट करेगा। सभी लेन-देन खाते (खातों), जो कार्ड से जुड़े हुए हैं, के खाता विवरण में दिखाई देंगे।

## विवरण (स्टेटमेंट) और रिकॉर्ड:

कार्डधारक आरबीएल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र पर कॉल करके अपने लेनदेन का मौखिक या लिखित इतिहास प्राप्त कर सकता है। कार्डधारक आरबीएल बैंक के इंटरनेट बैंकिंग पर ऑनलाइन उपलब्ध खाता विवरण और आरबीएल बैंक के एटीएम पर पिछले 10 लेनदेन के लेनदेन रिकॉर्ड की जांच कर सकता है। कार्डधारक को उपलब्ध करवाए गए किसी भी खाता विवरण पर खाते के लेन-देन/विवरण में कोई अनियमितता या विसंगतियां होने पर, कार्डधारक 15 दिनों के भीतर आरबीएल बैंक को लिखित रूप में सूचित करेगा। यदि आरबीएल बैंक को 15 दिनों के भीतर इसके विपरीत कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो आरबीएल बैंक यह मान सकता है कि खाता विवरण और लेनदेन सही हैं। कार्डधारक के हितों को सुनिश्चित करने के लिए, आरबीएल बैंक, एटीएम लेनदेन के लिए, स्वविवेक से, अपने एटीएम में कार्ड सुविधाओं का उपयोग करते समय किसी भी व्यक्ति के द्वारा एक्सेस और किसी भी व्यक्ति की उपस्थिति को कैमरे पर या वीडियो टेप पर रिकॉर्ड कर सकता है। आरबीएल बैंक द्वारा कार्डधारक के निर्देशों के इलेक्ट्रॉनिक या डॉक्यूमेंट्री रूप में मेंटेन किए गए सभी रिकॉर्ड और इस तरह के अन्य विवरण (जिसमें किए गए या प्राप्त किए गए भुगतान शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं) शर्तों के अनुसार, और ऊपर बताए अनुसार किए गए सभी कैमरा / वीडियो रिकॉर्डिंग कार्डधारक के खिलाफ होने पर, ऐसे निर्देशों और ऐसे अन्य विवरणों का निर्णायक सबूत माना जाएगा।

## एटीएम का उपयोग:

एटीएम स्थानों पर गोपनीय पिन की सहायता से कार्ड का उपयोग किया जा सकता है। पिन के उपयोग से किए गए सभी लेनदेन की जिम्मेदारी कार्डधारक की होगी। कार्डधारक इस बात से सहमत है कि उसे आरबीएल बैंक द्वारा निर्धारित की गई एक दिन में प्रति लेनदेन केवल एक निश्चित राशि की नकद निकालने की अनुमति दी जाएगी, भले ही खाते (खातों) में जमा शेष राशि कुछ भी हो। इस राशि की घोषणा आरबीएल बैंक की वेबसाइट पर समय-समय पर की जाएगी। इस सीमा का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से उसकी कार्ड सुविधा वापस ले ली जा सकती है। जब कार्डधारक एटीएम के माध्यम से लेनदेन पूरा करता है, तो वह प्रिंटेड लेनदेन रिकॉर्ड, यानी लेनदेन पर्ची/एटीएम रसीद प्राप्त करने का विकल्प चुन सकता है। जब कार्डधारक अपने कार्ड का उपयोग करता है, तो उपलब्ध धनराशि इस एटीएम रसीद पर दिखाई जाती है। कार्डधारक को सलाह दी जाती है कि वह एटीएम द्वारा किए गए लेनदेन का रिकॉर्ड अपने पास रखे। कार्डधारक इस बात से सहमत है कि जब खाते में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध न हो, तब कार्ड का उपयोग करके निकासी का प्रयास नहीं करेगा। पर्याप्त खाता शेषराशि सुनिश्चित करने का दायित्व पूरी तरह से कार्डधारक पर है।

गैर आरबीएल बैंक एटीएम लेनदेन की अधिकतम संख्या प्रति माह 50 लेनदेन की अनुमति दी जा सकती है, जिसके बाद गैर आरबीएल बैंक एटीएम लेनदेन के लिए कार्ड को अवरुद्ध कर दिया जाएगा और यह सीमित उपयोग बाद के महीने में फिर से कर सकते हैं। ग्राहक कार्ड का उपयोग आरबीएल बैंक के एटीएम पर और ऑनलाइन, पीओएस और संपर्क रहित लेनदेन के लिए जारी रख सकते हैं। सहायता के लिए ग्राहक निकटतम शाखा में जा सकते हैं या 022 61156300 पर कॉल कर सकते हैं।

आरबीएल बैंक अपनी आंतरिक नीतियों और समय-समय पर जारी होनेवाले नियामक दिशानिर्देशों के आधार पर गैर आरबीएल बैंक एटीएम लेनदेन पर अनुमत लेनदेन की संख्या को समय-समय पर पुनरीक्षित करने, संशोधित करने, सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

इन नियमों और शर्तों में निहित कुछ भी होने के बावजूद, यदि किसी भी संदिग्ध या धोखाधड़ी गतिविधि का पता चलता है, तो आरबीएल बैंक, अपने विवेकाधिकार पर ऐसे उपयोग को निलंबित या अवरुद्ध करेगा या ऐसे ग्राहकों/कार्डधारकों द्वारा किए जाने वाले इस तरह के लेनदेन और कार्ड के उपयोग को अवरुद्ध करेगा।

## व्यापारी स्थान का उपयोग:

यह कार्ड भारत में घरेलू लेनदेन के लिए और विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन (अंतरराष्ट्रीय कार्ड के मामले में) के लिए सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में स्वीकार्य है, जो वीज़ा / मास्टरकार्ड और / या आरबीएल बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसी अन्य एजेंसियों के लोगो को प्रदर्शित करता है और जिनके पास पीओएस टर्मिनल है। कार्ड केवल इलेक्ट्रॉनिक उपयोग के लिए है जैसा कि पीओएस टर्मिनल से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मुद्रित चार्ज स्लिप/बिक्री पर्ची के मामले में होता है। जब भी किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान में कार्ड का उपयोग किया जाता है, तो कार्डधारक को बिक्री पर्ची (यदि पिन आधारित लेनदेन नहीं है) पर हस्ताक्षर करना चाहिए और अपनी प्रति अपने पास रखनी चाहिए। बैंक अतिरिक्त शुल्क पर बिक्री पर्ची की प्रतियां प्रदान कर सकता है। कोई भी बिक्री पर्ची जो कार्डधारक द्वारा व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षरित नहीं है, लेकिन जिसे कार्डधारक द्वारा अधिकृत किया गया है ऐसा साबित किया जा सकता है, वह उसकी देयता होगी। यह कार्ड कार्डधारक के हस्ताक्षर की मदद से या व्यापारी स्थानों पर स्थापित पीओएस टर्मिनल की कार्यक्षमता के आधार पर पिन की मदद से संचालित होता हैं। बैंक किसी भी लेन-देन, जो कार्डधारक व्यापारी के साथ कर सकता है जिसमें माल और सेवाओं की आपूर्ति शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, ऐसे लेनदेन की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगा। यदि कार्डधारक को किसी भी व्यापारिक प्रतिष्ठान से संबंधित कोई शिकायत हो, तो कार्डधारक को व्यापारी प्रतिष्ठान के साथ मिलकर मामले का समाधान करना चाहिए और ऐसा करने में विफल रहने पर उसे आरबीएल बैंक के प्रति किसी भी दायित्व से मुक्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, कार्डधारक को इस शिकायत के बारे में आरबीएल बैंक को तुरंत सूचित करना चाहिए। आरबीएल बैंक किसी भी व्यापारिक प्रतिष्ठान द्वारा लगाए गए किसी भी अधिभार के लिए और कार्ड से जुड़े खाते से लेनदेन राशि के साथ उसे डेबिट किए जाने के लिए कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। भुगतान के लिए, आरबीएल बैंक द्वारा किसी व्यापारी प्रतिष्ठान से प्राप्त कोई भी शुल्क या अन्य भुगतान की मांग निर्णायक सबूत होगा कि इस तरह की मांग पर दर्ज किया गया शुल्क व्यापारी प्रतिष्ठान में उचित रूप से खर्च की गई राशि पर और कार्डधारक द्वारा उस शुल्क या अन्य मांग में संदर्भित कार्ड का उपयोग करने पर लगाया गया था, सिवाय जहां कार्ड खो गया हो, चोरी हो गया हो या धोखाधड़ी से दुरुपयोग किया गया हो, जिसके लिए सबूत देने की जिम्मेदारी कार्डधारक की होगी।

यदि कोई कार्डधारक किसी त्रुटि के कारण या मर्चेंडाइज रिटर्न के कारण पूर्ण लेनदेन को रद्द करना चाहता है, तो व्यापारी को पहले की बिक्री पर्ची को रद्द करना होगा और कार्डधारक को रद्द की गई बिक्री पर्ची की एक प्रति संभालकर रखनी होगी। ऐसे लेन-देन के कारण डेबिट की गई वापसी/रीफंड की स्थिति में कार्डधारक को, मांगे जाने पर, चार्ज स्लिप/बिक्री पर्ची प्रस्तुत करनी होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय उपयोग:

a) यह कार्ड नेपाल और भूटान में, यानी ऐसी कोई भी मुद्रा जो स्थानीय मुद्रा या भारतीय रुपया न हो, ऐसे विदेशी मुद्रा के लेनदेन के लिए मान्य नहीं है।

b) भारत के बाहर स्थित व्यापारियों पर शुरू किए गए लेनदेन को उन देशों में पालन किए जाने वाले दिशानिर्देशों के आधार पर पिन/अतिरिक्त प्रमाणीकरण के बिना संसाधित किया जा सकता है।

c) अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के लिए, कार्डधारक को भारतीय रिजर्व बैंक के विनिमय नियंत्रण विनियमों के अनुसार ही कार्ड का उपयोग करना होगा। इसका अनुपालन करने में विफलता की स्थिति में, कार्डधारक फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट 1999 के तहत कार्रवाई के लिए उत्तरदायी है और बैंक या आरबीआई के कहने पर बैंक से कार्ड धारण करने से वंचित किया जा सकता है। कार्डधारक भारतीय रिज़र्व बैंक के विनिमय नियंत्रण विनियमों का पालन नहीं करने से उत्पन्न होने वाले किसी भी/सभी परिणामों के लिए क्षतिपूर्ति करेगा और बैंक को उससे हानिरहित रखेगा।

